卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 307 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦18 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बस में किशोरी से गैंगरेप मामले में पांच गिरफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। आईएसबीटी पर खड़ी बस में किशोरी के साथ हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी अजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि बस के कर्मचारी किशोरी को दिल्ली से देहरादून लेकर आये थे। इसी बस में पांच लोगों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। गिरफ्तार आरोपियों में दो बस ड्राइवर, एक कंडक्टर, एक कैशियर और एक सफाई कर्मचारी शामिल है। पुलिस ने अनुबंधित बस को भी बरामद कर कब्जे में ले लिया है। बता दें कि आईएसबीटी पर किशोरी 13 अगस्त की शाम को बदहवास हालत में मिली थी। सहमी किशोरी ने मौके पर कुछ नहीं बताया। इसके बाद उसकी काउंसलिंग कराई गई, तो घटना का खुलासा हुआ। काउंसलिंग में पता चला कि किशोरी के साथ बस में सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। किशोरी पंजाब की रहने वाली है। वह उस समय पंजाब से दिल्ली फिर मुरादाबाद ओर फिर देहरादून पहुंची थी। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी अजय सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि मामले में धर्मेंद्र कुमार निवासी (शेष पृष्ठ 7 पर)



## महिला ने नदी में लगाई छलांग,मौत

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मोरी में खरसाड़ी के पास देर रात एक महिला ने नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर रात को ही महिला का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला के आत्म हत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 12 बजे की है। पुलिस को सूचना मिली की (शेष पृष्ठ सात पर)



## दीवार गिरने से महिला की मौत

पौड़ी गढ़वाल ।जिले के कलजीखाल ब्लॉक में देर रात को मनियारस्यूं पट्टी के कुस्याण गांव में एक घर की दीवार गिर जाने से मालवे में दबकर महिला की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए क्षेत्र के राजस्व उप निरीक्षक धजवीर चौहान ने बताया कि सुबह उन्हें कुस्याण गांव में हुए इस हादसे की सूचना मिली। बताया कि बीती देर रात भूमा देवी पत्नी प्रताप सिंह मकान के निचले तल में सो रही थी । (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसों में एक की मौत, आठ घायल

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए। सूचना पर घायलों को बरा पुलिस चौकी एवं किच्छा कोतवाली पुलिस द्वारा स्थानीय सरदार वल्लभभाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गयौ । गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात्रि हल्द्वानी रोड पर आनंदपुर के पास कैंटर एवं पिकअप की टक्कर में कैंटर चालक सोमपाल की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कैंटर संख्या यूके 04सी सीएच 0473 हल्द्वानी से किच्छा की ओर आ रहा था जिसके सामने अचानक गाय आ गई और उसे बचाने के चक्कर में वह संतुलन खो बैठा तथा दूसरी ओर से आ रही एक पिकअप संख्या यूपी 27 ए टी 0102 से भिड़ गया। पिकप को चालक राजेश कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी मंगतपुर बरेली चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर पिकअप से टकराने के बाद बिजली के पोल से टकरा गया जिससे कैंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा कैंटर को क्रेन के माध्यम से बाहर निकाला तथा कैंटर परिचालक सत्येंद्र गंगवार एवं चालक 22 वर्षीय सोमपाल पुत्र मंगल सेन निवासी औरंगाबाद बरेली को निकाल कर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां डॉक्टरों में कैंटर चालक सोमपाल को मृत घोषित कर दिया जबकि परिचालक का स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है । पिकअप में सवार घायल तीन लोगों को एंबुलेंस द्वारा नवोदय अस्पताल बरेली भेज दिया गया है। (शेष पृष्ठ सात पर)





## दो पक्षों के बीच टकराव, कई घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में शनिवार रात दो पक्षों के बीच टकराव हो गया। इस दौरान लाठी डण्डो ईट पत्थर चले। एक पक्ष ने फायरिंग का भी आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने मामले की तहरीर पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने किसी भी पक्ष की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जानकारी के अनुसार भूरारानी में बीती रात दो पक्षों के बीच टकराव से बखेड़ा हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। मामले में एक पक्ष की रंजीता पत्नी अशोक (शेष पृष्ठ सात पर)





## मैंने दरिंदों को सुधारने का ठेका नहीं लिया !

### दुष्कर्म और हत्या के मामले में सामने आया एसएसपी का हैरान करने वाला बयान

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। एक तरफ पूरे देश में महिलाओं से दुष्कर्म और हत्या के मामले में रोष फैला हुआ है, दूसरी तरफ जिले के कप्तान का हैरान करने वाला बयान सामने आया है। एसएसपी सार्वजनिक तौर पर लोगों से बोल रहे हैं, दुष्कर्म, दरिंदगी की घटनाएं हो रही है, जिन्हें रोकने का उन्होंने अकेले ठेका नहीं लिया है। एसएसपी के इस बयान की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल रुद्रपुर (शेष पृष्ठ सात पर)



**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।

-संपर्क करें-

8433432291

## नर्स हत्याकाण्ड के खिलाफ फूंका सरकार का पुतला

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। नर्स की रेप के बाद हत्या के विरोध में कांग्रेसियों ने डीडी चोक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने जघन्य हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता डीडी चौक पर एकत्र हुए। कांग्रेसियों ने नर्स हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी के बीच भाजपा सरकार का पुतला आग के हवाले किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है, महिलाएं आज कही भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर का नर्स हत्याकाण्ड निर्भया काण्ड से कम नहीं है, इसकी बारीकी से जांच की जाये तो कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। श्री गावा ने कहा कि पुलिस मामले में लीपापोती कर रही है, जिसके चलते पूरी घटना से अभी तक पर्दा नहीं उठ पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में यह पहली घटना नहीं है, जिसे दबाने का प्रयास (शेष पृष्ठ सात पर)



## कोतवाल की नाक के नीचे फल फूल रहा नशे का अवैध कारोबार

### नशे के काले कारोबार पर अंकुश लगाने में कोतवाली पुलिस नाकाम,नशे के कारण आये दिन हो रही मारपीट की घटनाएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय स्थित कोतवाली से महज कुछ मीटर की दूरी पर नशे का कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है। अवैध कच्ची शराब के साथ साथ चरस, गांजा, स्मैक, नशे के कैप्सूल, इंजेक्शन सहित अवैध रूप से अंग्रेजी शराब भी धड़ल्ले से बेची जा रही है लेकिन शहर कोतवाल शराब माफियाओं को वर्चस्व को तोड़ने में नाकाम साबित हो रहे हैं। आये दिन कोतवाली पुलिस रम्पुरा क्षेत्र से नशे के कारोबार में लिप्त छोटे प्यादों को पकड़कर इतिश्री कर लेती है लेकिन इनके आकाओं तक पहुंचने का या तो साहस नहीं जुटा पाती या जान बूझकर उन तक पहुंचना नहीं चाहती। कोतवाली पुलिस के इस रवैये से अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के हौंसले बुलंद हैं। कोतवाली से महज कुछ मीटर की दूरी पर स्थित रम्पुरा क्षेत्र नशे के अवैध कारोबार का गढ़ रहा है। पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे ही नशे का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। नशे की चपेट में आने से युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है और कोतवाली पुलिस आंखे मूंद कर बैठी है। पूर्व में कोतवाली की कमान संभाल चुके कई कोतवालों ने सख्ती दिखाते हुए रम्पुरा क्षेत्र में नशे की बड़ी खेप पकड़ी थी लेकिन मौजूदा कोतवाल नशा माफियाओं पर रहम दिल नजर आ रहे हैं। कोतवाल की नाक के नीचे रम्पुरा क्षेत्र नशा माफियाओं का गढ़ बनता जा रहा है। शाम ढलते ही रम्पुरा क्षेत्र में खुलेआम अवैध कच्ची शराब के साथ साथ चरस अफीम, गांजा, स्मैक आदि का कारोबार किया जाता है। सूत्र बताते हैं कि कई दुकानों और घरों में नशे का सामान युवाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे युवा पीढ़ी नशे के गर्त में भविष्य बर्बाद कर रही है। रम्पुरा क्षेत्र पूर्व में अवैध शराब का ही गढ़ माना जाता था लेकिन पुलिस की शिथिलता के चलते अब युवा दवाइयों को भी नशे के तौर पर लोग इस्तेमाल करने लगे हैं। युवाओं में तेजी से बढ़ते नशे की लत के कारण क्षेत्र के युवा अपराध की दुनिया में कदम रखने लगे हैं आए दिन नशा के कारण रम्पुरा क्षेत्र में झगड़े फसात आम बात हो चुकी है। आये दिन रम्पुरा क्षेत्र में खुलेआम दबंगई और मारपीट की खबरें सामने आती रहती है। पिछले कुछ समय में रम्पुरा क्षेत्र में कई बार खून खराबा हो चुका है, बावजूद इसके कोतवाली पुलिस की कार्रवाई शून्य है। आलम यह है कि रम्पुरा क्षेत्र में नशे के सौदागरों ने युवा पीढ़ी को अपने जाल में फांसकर बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। युवाओं के भविष्य को नशा दीमक की तरह चाट रहा है। अवैध शराब,स्मैक, चरस गांजा, अफीम, नशीले कैप्सूल कारोबार का आज जैसे जाल सा बिछ गया है। बताया जाता है यूपी के मुरादाबाद, बरेली, रामपुर आदि क्षेत्रों के नशा कारोबारी यहां लाखों का नशे का कारोबार कर रहे हैं। एक तरफ सरकार देवभूमि को ड्रग फ्री बनाने के लिए अभियान चला रही है दूसरी तरफ रूद्रपुर कोतवाली पुलिस सरकार की इस मंशा को पलीता लगा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के फरमान जारी किये हैं। कहने को जिले में पुलिस ने अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है लेकिन एसएसपी के इस अभियान को जिला मुख्यालय पर ही झटका लग रहा है। जिला मुख्यालय की कोतवाली पुलिस ही एसएसपी की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पा रही है। कार्रवाई की रफ्तार जिला मुख्यालय में ही धीमी दिखाई दे रही है ।जिसके कारण कोतवाली थाना क्षेत्र के इलाकों में नशे का सामानआसानी से परोसा जा रहा है।

# सीएम की पैरवी से 'आपदा पीड़ितो' को बड़ी राहत

## आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत एवं विभिन्न कार्यों के लिए एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की दरों का हुआ पुनर्निर्धारण

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में हर वर्ष आपदा से हुए परिसम्पत्तियों के नुकसान की क्षतिपूर्ती को लेकर प्रदेश की धामी सरकार के प्रयासों के बाद केंद्र सरकार ने आपदा पीड़ितो को भी बड़ी राहत दी है। गृह मंत्रालय भारत सरकार, आपदा प्रबंधन प्रभाग द्वारा एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की दरों का पुनर्निर्धारण किए जाने पर राज्य कैबिनेट ने प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। इस मामले में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के स्तर से प्रभावी पैरवी की गई। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने हैं। दरअसल, पूर्व में एसडीआरएफ की मदों में रिकवरी एवं पुनर्निर्माण के लिए मानक तय नहीं थे और दरें भी काफी कम थी। इसके चलते आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की मरम्मत में व्यवहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इन व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा कई बार गृह मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र प्रेषित करते हुए अनुरोध किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से भी प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिलकर एसडीआरएफ के मानक की धनराशि बढ़ाये जाने के लिए कई बार अनुरोध किया गया। उनके द्वारा इस बारे में उत्तराखण्ड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए धनराशि बढ़ाये जाने के लिए प्रभावी पैरवी की गई। जिसके फलस्वरूप भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा अब रिकवरी और पुनर्निर्माण के संबंध में 14.08.2024 को विस्तृत नवीन दिशा-निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं और विभिन्न कार्यों के लिए लागू मानकों में वृद्धि कर दी गई है। ऐसा करने से उत्तराखण्ड जैसे आपदा से प्रभावित राज्य को अत्यधिक लाभ होगा तथा आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत में सुविधा होगी। पूर्व में मैदानी इलाकों में पक्के घरों के लिए निर्धारित मानक 1.20 लाख प्रति घर के स्थान पर अब 30 से 70 प्रतिशत क्षति होने की दशा में 90 हजार प्रति घर तथा 70 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 1.80 लाख कर दिया गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में पूर्व निर्धारित मानक 1.30 लाख प्रति घर के स्थान पर



अब 30 से 70 प्रतिशत क्षति होने की दशा में 1.00 लाख प्रति घर तथा 70 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 2.00 लाख प्रति घर कर दिया गया है। प्राथमिक स्कूलों के लिए पूर्व में निर्धारित मानक प्रति विद्यालय 2 लाख की सीमा के अध्यधीन रहते हुए वास्तविक व्यय के अनुसार परिवर्तित करते हुए प्राथमिक स्कूलों के लिए 30 से 70 प्रतिशत की क्षति होने पर 7.50 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 15.00 लाख अनुमन्य किया गया है। माध्यमिक/ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के नाम से पूर्व में मानक निर्धारित नहीं थे।अब माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के 30 से 70 प्रतिशत क्षति होने की दशा में घ12.50 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 25.00 लाख अनुमन्य किया गया है। प्राथमिक/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए पूर्व में 2.50 लाख प्रति यूनिट की अधिकतम सीमा के अध्यधीन वास्तविक व्यय के अनुसार अनुमन्य था। जिसको अब वृद्धि कर उप केंद्र मैदानी क्षेत्र के लिए 30 से 70 प्रतिशत की क्षति तक 9.20 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 18.40 लाख अनुमन्य किया गया है। पर्वतीय क्षेत्र के लिये यह राशि क्रमशः 7.91 लाख तथा 15.81 लाख अनुमन्य किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए मैदानी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत की क्षति तक 20.99 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 41.97 लाख अनुमन्य है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर्वतीय क्षेत्रों के लिए 70 प्रतिशत की क्षति तक 24.72 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक 49.45 लाख अनुमन्य है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैदानी क्षेत्र के लिए 70 प्रतिशत की क्षति तक 79.06 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 158.12 लाख अनुमन्य किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर्वतीय क्षेत्र के लिए 70 प्रतिशत की क्षति तक 92.86 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 185.72 लाख अनुमन्य किया गया है। पुल के लिए प्रति संख्या में 70 प्रतिशत की क्षति तक 1750.00 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 3500.00 लाख अनुमन्य किया गया है। तटबंध के लिए प्रति किमी के लिए 70 प्रतिशत की क्षति तक 50.00 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक की क्षति पर 100.00 लाख अनुमन्य किया गया है। सामुदायिक भवन के लिए निर्धारित मानकों में भी वृद्धि की गई है। सड़क एवं परिवहन खण्ड में इकाई प्रति कि०मी० के लिए प्रमुख जिला सड़कों के लिए मैदानी क्षेत्र में 70 प्रतिशत की सीमा तक 32.00 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक होने पर 64.00 लाख अनुमन्य किया गया है। इसी प्रकार पहाड़ी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत की सीमा तक 93.75 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक होने पर 187.75 लाख अनुमन्य है। अन्य जिला सड़कों के लिए भी मैदानी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत की सीमा तक 26.75 लाख तथा 70 प्रतिशत से अधिक होने पर 54.50 लाख अनुमन्य किया गया है। इसी प्रकार पहाड़ी क्षेत्रों के लिए 70 प्रतिशत की सीमा तक घ80 लाख तथा पहाड़ी सड़कों के लिए 159.88 लाख अनुमन्य किया गया है।

# विधानसभा का सत्र एक दिन बढ़ाकर महिला उत्पीड़न पर करें मंथन : हरदा

## कोलकाता और रूद्रपुर में नर्स हत्याकांड पर पूर्व सीएम ने की अपील

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत सोश मीडिया पर एक पोस्ट में राज्य सरकार से महिलाओं की सुरक्षा के प्रति ठोस पहल करने की अपील की है। पूर्व सीएम हरदा ने कहा है कि कोलकाता में निर्भया कांड, एक डॉक्टर बेटी साथ अमानुषिक बलात्कार और हत्या ने पूरे देश को हिला दिया। उत्तराखंड के रूद्रपुर में हमारी एक नर्स बेटी के साथ इसी तरीके का वीभत्स बलात्कार और हत्या हुई, उससे पहले शांतरशाह में हमारी एक दलित परिवार की बेटी के साथ सामुहिक बलात्कार हुआ व हत्या हुई, यह सिलसिला कहीं रुका नहीं है, अलग-अलग तरीके से हमारी बेटियों के साथ या तो वह बलात्कार का शिकार हुई हैं या बेटी अंकिता की तरीके से उन्हें प्रताड़ित कर उनको अपने रिजॉर्ट में आने वाले कस्टमर्स के आगे पेश किए जाने की कोशिश की गई और इनकार करने



पर हत्या कर दी गई तो ऐसे बहुत सारे मामले अभी हाल-फिलहाल में घटित हुए हैं जिन्होंने उत्तराखंड के मानस को भी, जहां महिला देवी के समान पूजी जाती है, हर गांव की धार में देवी का एक मंदिर है जहां लोग प्रार्थना करते हैं खोल माता, खोल भवानी, धारमा किवाड़ा, तो यहां जिस धरती में नारी मात्रा को मां मानकर पूजा जाता है, वहां वह समाज किस तरफ जा रहा है यह चिंता का विषय है। मैं माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड से आग्रह करना चाहता हूं कि हमारी विधानसभा की सम्मानित स्पीकर महिला हैं, क्यों न विधानसभा का सत्र एक दिन बढ़ाकर और वह सत्र महिलाउत्पीड़न पर उसमें मंथन हो और क्या कुछ हम अपने राज्य के अंदर कर सकते हैं, ताकि महिलाओं पर अत्याचार रूकें उन पर एक कल ठोस कार्य नीति बने। महिलाओं को लेकर और क्या वांछित है, क्या वांछित कदम उठाए जाने हैं उस पर भी विहंगम चर्चा हो। मुझे उम्मीद है मेरी इस अपील पर माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड और माननीय स्पीकर उत्तराखंड विधानसभा जरूर विचार करेंगे और विधानसभा का सत्र एक दिन के लिए बढ़ाकर उस सत्र को महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न और अत्याचार पर चर्चा के लिए समर्पित किया जाए।

# डॉक्टर के साथ हैवानियत करने वालों को हो फांसी की सजा


बागेश्वर(उद संवाददाता)। कोलकाता में मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के साथ हैवानियत कर दुष्कर्म तथा हत्या की घटना पर जिले के डॉक्टरों ने कड़ी आपत्ति जताई है। अब तक हैवानियत के दरिंदो को नही पकड़े जाने, साथ ही मामले में सामूहिक रूप से हुई दरिंदगी, मेडिकल जांच में बलात्कार के बाद सामूहिक रूप से बर्बरता पूर्ण हत्या में बहुत अधिक मात्रा में सीमेन के मिलने से हत्याकांड में कई लोगों के शामिल होने की संभावना है।वही राज्य सरकार केंद्र सरकार द्वारा जल्द सभी आरोपियों को सख्त से सख्त सजा नही दिलाई जाती है तब तक देशभर में मेडिकल एसोसिएशन सहित सभी चिकित्सकों का कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। जिले में शनिवार कोसभी मेडिकल सुविधाओ से जुड़े हुए चिकित्सक, फार्मेसिस्टों, और लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन ने विरोध में ओपीडी का बहिष्कार किया गया। डॉक्टरों की हड़ताल का असर सुबह से देखने को मिल रहा है। जिले भर से दूरदराज क्षेत्रों से इलाज कराने आए मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर कांडा व कपकोट,गरुड़ में डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार किया और काला फीता बांधकर विरोध जताया।इस दौरान डॉक्टर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ गिरजा शंकर जोशी, फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरीश ऐठानी, लैब एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र दोसाद के नेतृत्व में संयुक्त रूप से ओपीडी बहिष्कार कर जल्द सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और जल्द आरोपियों को फांसी की सजा नही दिलाने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा विनोद टम्टा, डॉ एसपी त्रिफाठी, डा राजीव उपाध्याय,डॉ रीमा उपाध्याय, डा चन्द्र मोहन भैसोड़ा, प्रीति यादव, जिला फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरीश ऐठानी, लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र दोसाद,प्रदीप रावत, सहित जिले भर के स्वास्थ्य कर्मी कार्य बहिष्कार पर रहे।




# गैरसैंण में कभी ठंड तो कभी बारिश: पहली बार हो रहा है मानसून सत्र

## मानसून सत्र से धामी ने दिया बड़ा संदेश, पोस्टर लांच कर हरीश रावत ने एक बार फिर किया गैरसैण में डेरा डालने का ऐलान

देहरादून। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में पहली बार मानसून सीजन में सत्र हो रहा है। ऐसे में सूबे की धाकड़ धामी सरकार के इस सराहनीय फैसले के बाद अब सियासी सुगबुगाहट भी तेज हो गई है। राज्य की स्थायी राजधानी के मुद्दे को लेकर धार देने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने एक बार फिर बाहें फैलाकर गैरसैण में डेरा डालने का ऐलान दिया है। धामी सरकार ने गैरसैण विधानसभा में भौगोलिक परिस्थितियों एवं जटिल व्यवस्थाओं के साथ ही मौसम की मार को आधार बनाकर पहाड़ नहीं चढ़ने का बहाना ढूढने वाले लोगों को बड़ा संदेश दिया है। कभी ठंड तो कभी बारिश और भूस्खलन के के जोखिम को लेकर सवाल उठायें जाते रहे है। वहीं इस बार भी देहरादून और गैरसैण में विधानसभा सत्र के आयोजन को लेकर कई विधायकों की आलोचानात्मक प्रतिक्रियायें भी सामने आयी थी। तब विस स्पीकर श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण ने सत्र के आयोजन का निर्णय सरकार पर छोड़ दिया था। मगर इस बार प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ा सियासी दांव खेलकर गैरसैण की उपेक्षा करने का आरोप लगाने वाले नेताओ को भी करारा जवाब दिया है। हालांकि गैरसैण में अपेक्षाकृत विकास और व्यवस्थायें जुटाने को लेकर सरकार प्रयासरत दिख रही है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने विधानसभा का मानसून सत्र के आयोजन से पूर्व सोशल मीडिया पर गैरसैण को स्थायी राजधानी बनाने के मुद्दे पर एक पोस्टर लॉच किया है। साथ ही उन्होंने कांगेस कार्यकर्ताओं से भी आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया है। पूर्व सीएम हरीश रावत की फैसबुक पोस्ट के अनुसार गैरसैंण के विधानसभा सत्र में घोषणा हुई कि गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाएंगे, माननीय मुख्यमंत्री जी! इस वर्ष जगह-जगह सड़कों पर बोर्ड लगे हैं, श्रीनगर जाने के नेशनल हाईवे/रास्ते पर वह बोर्ड लगे हैं "ग्रीष्मकालीन राजधानी;गैरसैंण"! गैरसैंण में भी बोर्ड लगा है, लेकिन गैरसैंण वासियों के कहीं राजधानी का चिन्ह दिखाई नहीं दे रहा है। हम सब कांग्रेस के साथियों ने तय किया है कि दिनांक -21 अगस्त, 2024 को गैरसैंण में धरना/उपवास के बाद गैरसैंण ग्रीष्मकालीन राजधानी को खोजेंगे, कुछ टार्च लेकर के खोजेंगे, मोमबत्ती जलाकर के खोजेंगे और राज्य भर में, गैरसैंण में ग्रीष्मकालीन राजधानी खोजने की मुहिम को चलाएंगे, मैं उसके लिए एक पोस्टर लांच कर रहा हूं। आपको पसंद आए तो अपने साथियों से भी इस पोस्टर को अपने नाम के साथ रिलॉन्च करें और करवाएं।







## स्पीकर ऋतु खंडूरी भूषण ने भराड़ीसैंण में सत्र के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए

### 20 अगस्त को गैरसैंण पहुंचेगी पूरी सरकार , तैयारियां तेज

देहरादून। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में 21 अगस्त से शुरू हो रहे तीन दिवसीय सत्र के दौरान मौसम भी परीक्षा लेगा। सत्र के लिए पूरी सरकार 20 अगस्त को गैरसैंण पहुंचेगी। विधानसभा सचिवालय ने गैरसैंण में सत्र के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। अधिकारियों व कर्मचारियों की एक टीम भराड़ीसैंण में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रही है। 21 से 23 अगस्त तक चलने वाले सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय को अब तक 500 से अधिक सवाल मिल चुके हैं। 21 अगस्त से राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में शुरू हो रहे पंचम विधानसभा के मानसून सत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने शनिवार को शासन, पुलिस प्रशासन और विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ देहरादून स्थित विधान भवन में बैठक की। ऋतु खंडूरी भूषण ने विधानसभा सचिवालय और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। बैठक में तय किया गया कि विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के कर्मी भी बिना वाहन प्रवेश पत्र के विधानसभा परिसर में वाहन नहीं ले जा सकेंगे। विधायकों की संस्तुति पर एक तथा मंत्रियों की संस्तुति पर दो आगंतुकों को प्रवेश पत्र सदन के कार्यवाही देखने हेतु दर्शक दीर्घा के लिए जारी किए जाएंगे। ऋतु खंडूरी भूषण ने बताया कि सत्र के कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग और वेबकास्टिंग सूचना एवं लोक संपर्क विभाग और आ०ईटी०डी०ए द्वारा की जाएगी। सत्र के दौरान अग्नि शमन दल के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा विभाग आवश्यक चिकित्सा दल, दवाइयां और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करेगाद्य निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# देशबंधु इंटर कॉलेज के शिक्षक पर छात्र से मारपीट का आरोप

## अभिभावकों ने स्कूल में जमकर काटा हंगामा

गदरपुर (उद संवाददाता)क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित स्कूल के शिक्षक पर छात्र से मारपीट करने का ताजा मामला प्रकाश में आया है। छात्र से मारपीट करने की सूचना पर स्कूल पहुंचे अभिभावकों ने स्कूल परिसर में जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए स्कूल मे लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल मामले की तहकीकात शुरू कर दी । जबकि स्कूल प्रशासन माफी मांगते हुए मामले को दबाने में जुटा रहा लेकिन वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका। छात्र से मारपीट पर अभिभावकों में खासा रोष देखने को मिला उनका कहना था कि वह स्कूल प्रशासन के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करेंगे। क्षेत्र के ग्राम महतोष के पिपलिया नंबर एक मे स्थित देशबंधु इंटरमीडिएट कॉलेज एक बार फिर विवादो के घेरे में है। स्कूल के शिक्षक पर छात्र के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट करने का आरोप है। छात्र का आरोप है कि स्कूल प्रशासन के द्वारा उसके अलावा एक अन्य साथी छात्र को भी खींचकर अंदर ले जाकर मारपीट की गई। छात्र के साथ मारपीट की सूचना





पर महतोष चौकी इंचार्ज पवन जोशी भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को सुन कर सीसीटीवी फुटेज निकाली वही घटना की जानकारी मिलने पर छात्र के परिजन भी स्कूल पहुंच गए और उन्होंने जमकर हंगामा काटा। कॉलेज मे हुए हाई वोल्टेज ड्रामे के दौरान सरबजीत सिंह पुत्र मनजीत सिंह बिट्टा के पुत्र ( छात्र) ने आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई है। सरबजीत सिंह का कहना है कि उन्होंने कक्षा 12वीं के लिए अपना एडमिशन कराया था उसी से संबंधित जानकारी लेने के लिए शनिवार को अपने एक अन्य मित्र छात्र के साथ स्कूल पहुंचे थे छात्र सरबजीत सिंह का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने एडमिशन लेते समय जो बात कही थी उसे पर खरे नहीं उतर रहे थे और सरबजीत सिंह के डॉक्यूमेंट उसे वापस दिए जा रहे थे जिसका विरोध करने पर देशबंधु इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक ओमियो विश्वास के छोटे भाई जीवन ने सरबजीत सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी किसी तरह सरबजीत सिंह ने मारपीट की सूचना अपने परिजनों को दी सूचना मिलते ही सकेनिया क्षेत्र के प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह सोनू एवं पूर्व प्रधान गुरजीत सिंह भी मौके पर पहुंचे जहां पूरा प्रकरण जानने के बाद स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे दिखाने की बात कही लेकिन समाचार लिखे जाने तक स्कूल प्रबंधन ने सीसीटीवी कैमरे चेक नहीं करवाए वही मामला बढ़ता देख कॉलेज के प्रबंधक ओमियो विश्वास तथा उनके भाई जीवन द्वारा हाथ जोड़कर माफी मांगी गई लेकिन तब भी अभिभावकों का रोष शांत नहीं हुआ। अभिभावकों और स्कूल प्रबंधकों के बीच चल रही गहमागहमी के बीच छात्र सरबजीत के पिता और भाजपा नेता मनजीत सिंह बिट्टा जा पहुंचे उन्होंने कहा कि जैसा शिक्षक होता है वैसा ही बच्चों को बनाता है अगर शिक्षक गुंडा होगा तो बच्चे भी गुंडे ही बनेंगे। यह शिक्षा का मंदिर है यहां पर मारपीट बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए थी हम इस प्रकरण की पुलिस से शिकायत करेंगे और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे वही इस संबंध में प्रबंधक ओमियो विश्वास से बात की गई तो उनका कहना था कि यहां पर कोई मारपीट नही हुई है वही महतोष चौकी से आए उप निरीक्षक पवन जोशी ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज अपने कब्जे में लेते हुए कहा कि अगर पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर आती है तो जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। वही सूत्रों से पता चला कि दोनो पक्षों का राजीनामा होने की भी चर्चा है।

# मृतक तसलीम जहां के पिता ने की सीबीआई जांच की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। मृतक नर्स के पिता नफीस ने पत्रकार वार्ता में अपनी पुत्री की हत्या की सीबीआई जांच की मांग उठाई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह के निवास पर पत्रकार वार्ता में गदरपुर के पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, मो शादाब, अनिल सिंह,प्रशांत सिंह, चंद्रा जोशी,किशोर कुमार हालदार मौजूद रहे। प्रेमानंद महाजन ने कहा कि उधम सिंह नगर में अपराधों का बोलबाला हो गया है मृतक नर्स तस्लीम जहां के मामले में पुलिस ने सही खुलासा नहीं किया है हम शासन से सी बी आई जांच की मांग करते हैं। मो शादाब ने कहा कि पुलिस ने जल्दबाजी करते हुए तस्लीम जहां



हत्याकांड का खुलासा किया है जो किसी को भी सही नही लग रहा है। पुलिस ने जिसे आरोपी बनाया है हो सकता है किसी ने उसका इस्तेमाल किया हो। इसमें कुछ और लोगों के शामिल होने की भी आशंका है। प्रशांत ने कहा कि उधम सिंह नगर पुलिस का अपराधियों में खौफ नहीं है पुलिस से उनका विश्वास उठ चुका है इस दौरान आकाश दीप सिंह,अकील राजा,मौजूद रहे।

# शहीद ऊधम सिंह सेवा ट्रस्ट संग डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

सितारगंज(उद संवाददाता)। कोलकाता में महिला रेजिडेंट चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में शहीद ऊधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट संग प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा के आहवान पर सरकारी और निजी डॉक्टरों, कर्मियों ने नगर में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान डॉक्टरों ने मिलकर मृत महिला डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही सरकार से महिला चिकित्सक को न्याय दिलाने की मांग की। इस मौके पर डॉ. एलएस बृजवाल, शहीद उधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरबीर सिंह, नवतेज पाल सिंह, डॉक्टर रविन्द्र सिंह, डॉ. अतुल कुमार, प्राइवेट चिकित्सक



डॉक्टर ओमकार सिंह, केएन गोस्वामी, राजनारायण त्रिपाठी, प्रतिभा, रुपिंदर कौर, विवेक बिष्ट, मो. यूनिस, महेश शर्मा, मयंक नैलवाल, उबैश, सरबजीत सिंह, विकास चंद, अंजली यादव, नवीन जोशी आदि मौजूद थे

# आपत्तियों की विकासखण्डवार हुई सुनवाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शासन के निर्देशानुसार आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन से पूर्व जनपद में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन सम्बन्धी प्रस्तावों पर विकास खण्डवार अनन्तिम प्रकाशन के सम्बन्ध में 16 अगस्त तक आपत्तियां मांगी गयी थी जिसमे नियत तिथि तक कुल 22 आपत्तियां प्राप्त हुई। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की



अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा शनिवार को डॉ0 एपीजे हॉल कलेक्ट्रेट में प्राप्त सभी आपत्तियों की विकासखण्डवार सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता अपने पक्ष सहित उपस्थित हुये, आपत्तिकर्ताओं द्वारा समिति के समक्ष आपत्ति के संबंध में अपना पक्ष रखा गया। सुनवाई के दौरान ओसी/जिला पंचायतराज अधिकारी गौरव पाण्डेय, पीडी अजय सिंह, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार सहित जनपद के खण्ड विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी पंचायत आदि उपस्थित रहे।


## सूचना

भवन सं.-18 पैमाईशी-30X56 फिट, खेत सं.-42/3 वाक्या मौजा-ग्राम रम्पुरा (ईश्वर कालोनी), परगना व तहसील-रूद्रपुर, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड में स्थित है जो कि मेरे स्वामित्व में है। उक्त भवन के पूर्व मालिक श्री सतीश अरोरा पुत्र श्री देवीदास के नाम पंजीकृत रजिस्ट्री की मूल प्रति कहीं खो गयी है, जिसका प्रयोग अवैध व गैरकानूनी माना जायेगा।

प्रताप सिंह पुत्र श्री गुरबक्श सिंह, निवासी -सिविल लाईन, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड-263153


# पंतनगर विवि परिसर और सिरौली कला को लेकर मांगी आपत्तियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद किच्छा के सिरौलीकला क्षेत्र एवं गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर को तत्काल प्रभाव से पृथक किये जाने का प्रस्ताव किया गया है। उन्होने कहा है कि यदि किसी को अधिसूचना से संबंधित कोई सुझाव या आपत्ति हो तो अधिसूचना प्रकाशित होने के तिथि से सात दिन के भीतर लिखित रूप से जिलाधिकारी को प्रेषित किये जा सकेगें। उन्होंने बताया कि समयावधि के पश्चात कोई भी सुझाव एवं आपत्तियों को स्वीकार नही किया जायेगा। उन्होने बताया कि केवल उन्ही आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार किया जायेगा जो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिन के भीतर प्राप्त होंगे।

# लोहे का ग्रील तोड़कर चोरों ने घर से नगदी और जेवर उड़ाये

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। चोरों का आतंक आए दिन चोरी की घटनाएं देखने को मिल रही है। बीती रात चोरों ने रामपुर रोड गन्ना सेंटर के पास लालमड़ी निवाड़ में एक घर के अंदर खिड़की में लगे लोहे के ग्रिल को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है घर के अंदर आलमारी में रखे 50 हजार की नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर लिया है जबकि घर के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में गहरी नींद में सो रहे थे उनको इस घटना के बारे में कुछ भी पता नहीं लग सका क्योंकि घर के कमरे में कूलर की तेज आवाज आ रही थी और इसी का फायदा चोरी ने उठाया,फिलहाल चोरी की घटना के बारे में पुलिस को सूचना दे दी गई है आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस भी दावा कर रही है जल्द चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# जागरण में भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

शक्तिफार्म(उद संवाददाता) शिव शक्ति कांवड़ संघ के बैनर तले आयोजित हुये जागरण मे सितारगंज शक्तिफार्म के सभी कावड़ संघ के शिव भक्त शामिल मे देर रात तक शिव के भजनो मे शिव भक्त झूमते रहे।बनारस से आये प्रसिद्ध भजन गायक पुनीत पागल बाबा के मंच पर पहुंचते ही भोले बाबा के जयकारों



से माहौल भक्तिमय हो उठा। जैसे ही पुनीत पागल बाबा ने होले खेले मसाने मे भजन गाया तो शिव भक्त नाचने को मजबूर हो उठे। उसके बाद रुद्रपुर और किच्छा से पहुँचे अमन सांवरिया और उमा वर्मा ने शिव भजनो से लोगो को भक्ति रस मे डूवो दिया। संचालन कमेटी द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर शिव शक्ति कांवड़ संघ के महंत अभिषेक सिंह,व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल,महादेव मिस्त्री, दीपू फर्त्याल,रमन जायसवाल,गोविंद मण्डल,बाबू मण्डल,हरेंद्र कुमार,पन्ना लाल,तापस कुमार,सागर,वीरा आनंद सरकार आदि मौजूद थे।

# सरकार कानून व्यवस्था बनाने में विफल: कोली

किच्छा(उद संवाददाता)। समाजसेवी एवं छात्र नेता अमित कोली ने कहा है कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें कानून व्यवस्था को नियंत्रित नही कर पा रही हैं। कोलकाता एवं रुद्रपुर में महिला चिकित्सक के साथ अपराधियों द्वारा की गई हैवानियत इस बात का जीता जागता उदाहरण है। वर्तमान देश के अधिकांश हिस्सों में महिलाओं के साथ लगातार अप्रिय घटनाएं घट रही हैं।सैकड़ों घटनाओं में अभी तक अपराधि



यों को सजा नहीं मिल पाई है जिस वजह से अपराधियों की हौसले बुलंद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर अंकुश नहीं लगाया तो महिलाओं का जीना दूभर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरूक करने के लिए एक महिला जागृति अभियान की आवश्यकता महसूस हो रही है जिसके लिए महिलाओं को संगठित करते हुए अपने आत्म की सुरक्षा के लिए तैयार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही राज्य में महिलाओं के साथ घटनाओं में लिप्त अपराधियों को सरकार द्वारा पुलिस द्वारा तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन चलाया जायेगा। सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें और भारत देश में ऐसा नियम कानून बनना चाहिए कि भारत देश की बहन बेटियां महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।


## आवश्यकता है

श्री वर्धमान किराना मर्चेंट गोल मार्किट रुद्रपुर में कंप्यूटर बिलिंग के लिए युवकों की।

-संपर्क करें-

9359927216

8057390186



## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अरविन्द कुमार बाठाला (ARVIND KUMAR BATHALA) था अब मैंने अपना नाम बदलकर अरविन्द कुमार (ARVIND KUMAR) रख लिया है। भविष्य में अब हर मौके, विवरण में मेरे नये नाम अरविन्द कुमार (ARVIND KUMAR) से ही सम्बोधित किया जाये।

अरविन्द कुमार पुत्र श्री लाल चन्द,निवासी ग्राम महाराजपुर, नियर शिव मन्दिर, पोस्ट लालपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

# पेरिस ओलिंपिक से लौटे लक्ष्य सेन का हल्द्वानी में भव्य स्वागत

## सेमीफाइनल में चूक गए लक्ष्य वरना स्वर्ण पदक हमारे देश की झोली में होता

हल्द्वानी। पेरिस ओलिंपिक में भले ही लक्ष्य देश के लिए कोई पदक नहीं ला सके लेकिन वह बैडमिंटन खेल में विश्व में चौथे स्थान पर रहे। उनके दमदार प्रदर्शन की हर कहीं तारीफ हो रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित उनके लाखों प्रशंसकों ने पेरिस आलंपिक में शान प्रदर्शन करने पर उन्हें शुभकामनायें दी है। नैनीताल रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में भारत के मशहूर बैटमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले। जहां उन्होंने पीएम मोदी को उपहार में अपना रैकेट दिया। साथ ही कहा कि अगला लक्ष्य वर्ष 2028 में अमेरिका के लास एंजेलिस में होने वाले ओलिंपिक में स्वर्ण पदक लाने का है। इसके लिए वह जी जान से मेहनत करेंगे। पेरिस ओलिंपिक से लौटे स्टार बैडमिंटन प्लेयर लक्ष्य सेन का हल्द्वानी में भव्य स्वागत किया गया। हल्द्वानी स्टेडियम के समीप सरस मार्केट से लक्ष्य नैनीताल रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उनके पिता डीके सेन व माता निर्मला सेन मौजूद रहे। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन देहरादून के ग्राफिक एरा कालेज से एमबीए की पढ़ाई कर रहे हैं। पिता सेन ने कहा कि लक्ष्य ओलिंपिक खेल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले भारत के पहले पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं। इससे पहले पीवी सिंधु व साइना नेहवाल ने ओलिंपिक में हाइक किया था। अब लक्ष्य सेन ने बैडमिंटन में चार चांद लगा दिए हैं। 22 साल की उम्र में ओलिंपिक में पहुंचना बहुत बड़ी बात है। उनकी माता निर्मला सेन ने कहा कि वह लक्ष्य की डायट का हमेशा ख्याल रखती हैं। उन्होंने अन्य खेल प्रेमियों को सीख दी की बड़ों का हमेशा आदर व सम्मान करना चाहिए। इस दौरान सहायक निदेशक रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत, कामन्वेल्थ प्लेयर मुकेश पाल, नैनीताल बैडमिंटन एसोसिएशन से रितेश बिष्ट आदि मौजूद रहे। दिल्ली से हल्द्वानी पहुंचे लक्ष्य सेन का प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सरस मार्केट के पास भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने भी लक्ष्य को बुके भेंट कर स्वागत किया। व्यापारियों ने कहा कि लक्ष्य सेमीफाइनल में चूक गए वरना स्वर्ण पदक हमारे देश की झोली में होता।





# एकल अभियान की महिलाओं ने पुलिस कर्मियों और सैनिकों को बांधी राखी

नानकमत्ता /खटीमा(उद संवाददाता)।एकल अभियान के तहत महिला संगठन द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में कोतवाली खटीमा, चकरपुर पुलिस चौकी, आर्मी कैम्प बनबसा, पुलिस थाना बनबसा तथा एस एस बी कैम्प गैंडा खाली टनकपुर में पुलिस कर्मियों तथा सैनिकों के साथ बहनों ने रक्षासूत्र बांध कर उनकी लम्बी आयु की कामना कर पावन पर्व को धूमधाम से मनाया। आर्मी कैंप बनबसा द्वारा महिलाओं तथा समिति का स्वागत किया तथा जलपान भी करवाया। इस अवसर पर एकल अभियान उत्तराखंड के संगठन मंत्री अरविन्द कन्नौजिया नें एकल अभियान के कार्य पद्धति के सन्दर्भ में सभी को विस्तार से अवगत कराया तथा बताया कि एकल बहनों ,पुलिस तथा आर्मी सैनिकों के आपसी सहयोग, सदभाव बढ़ाने के लिए ये राखी का पर्व मनाया जाता है । अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि एकल बहनों द्वारा ये राखी का पावन पर्व पूरे प्रदेश के पुलिस थानों तथा आर्मी कैंपों में पिछले 6,7 साल से लगातार मनाया जा रहा है। उमेश अग्रवाल ने सभी पुलिस कर्मियों , सैनिकों , बहनों तथा समिति सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सम्भाग महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती मधु शर्मा, सम्भाग महिला समिति उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्रा चन्द, एडवोकेट चंचल सिंह ,मोहनी पोखरिया, बिमला बिष्ट , उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह , सचिव गीता गोस्वामी,वन्दना गौड़,जानकी पाण्डेय, बिमला सामंत,सोबन सिंह जिना कैम्पस डायरेक्टर नवीन भट्ट ,कमला चन्द, जगत चन्द, भागीरथी खोलिया, भुवन चंद्र जोशी , ममता खोलिया , मंजू गोयल ,ममता कोरंगा,फाल्गुनी सरकार ,पूजा महर, रामेश्वरी राणा,निशा भण्डारी, रेनू राणा ,शांति आदि उपस्थित रहे।





# पंतनगर एयरपोर्ट पर धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर एयरपोर्ट पर स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता के प्रतीक ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद आर्यमन विक्रम बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग हल्द्वानी के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देशभक्ति प्रदर्शनों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें उनके मातृभूमि के प्रति गहरा प्यार दिखा। जैसे ही देशभक्ति की मधुर ध्वनियाँ वातावरण में गूँजने लगीं, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कर्मचारी और विमानन कर्मी भी उत्सव में सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिससे देश के प्रति उनके अडिग समर्पण का प्रदर्शन हुआ। सभी हवाई अड्डे के कर्मचारियों के बीच एकता और सहानुभूति की सामूहिक भावना ने आयोजन के माध्यम से गूंज रहे देशभक्ति के जोश को और बढ़ाया। पंतनगर हवाई अड्डे का वातावरण देशभक्ति के साथ रोमांच और गर्व से भरा हुआ था। युवा छात्रों की प्रस्तुतियों को दर्शकों से जोरदार तालियों से प्रशंसा मिली। इसके अलावा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हवाई अड्डे और विमानन कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने इस अवसर को उत्सव और एकजुटता का स्पर्श दिया। मूलतः पंतनगर हवाई अड्डे पर स्वतंत्रता दिवस का समारोह देश की कठिनाई से प्राप्त स्वतंत्रता के प्रति श्रद्धा और बहुलता में एकता के जश्न का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण था। इस अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर मोनिका डेंबला ,आदर्श अग्निहोत्री, राजकुमार,करुणा गार्बियल, मनोरंजन सरकार, एपीएसयू इंचार्ज इंचार्ज एल के उपाध्याय सेवानिवृत्ति कैप्टन कल्याण सिंह, नीतीश कुमार आदि मौजूद रहे।





# हमजा बेग की सकुशल बरामदगी पर जताया हर्ष

रूदपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी से पिछले डेढ़ माह पूर्व अचानक घर से लापता हुए बालक हमजा वेग के सकुशल मिल जाने उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग आदर्श कॉलोनी स्थित उसके आवास पर



पहुंचे, जहां उन्होंने परिजनों से और हमजा वेग और उनके परिजनों से मुलाकात की। यहां श्रीमती शर्मा ने कहा कि सब लोगों की कोशिशें और विशेष कर मीडिया द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सहयोग की वजह से हमजा बेग सकुशल आज हमारे बीच में है, उन्होंने इस अवसर पर सभी सहयोगियों का धन्यवाद भी दिया।



# पर्यावरण की सुरक्षा आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताः शुक्ला

## पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट चलाया पौधारोपण अभियान

किच्छा (उद संवाददाता)।पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत ग्राम दोपहरिया, पंतपूरा और पटेरी में सैकड़ों ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ मिलकर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा, “10 हजार पौधे लगाने का यह अभियान न केवल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार करेगा, बल्कि बढ़ते तापमान के संकट के लिए संजीवनी का कार्य भी करेगा। शुक्ला ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे भी इस अभियान का हिस्सा बनें और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान दे।इस पुनीत कार्य में ग्राम दोपहरिया, पंतपूरा और पटेरी के सैकड़ों ग्रामवासियों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता से यह संदेश दिया कि पर्यावरण की सुरक्षा न केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, बल्कि सामुदायिक सहयोग से ही इसे सफलतापूर्वक किया जा सकता है। हर उम्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट ने इस क्षेत्र में 10,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। फाउंडेशन का यह अभियान न केवल पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि यह क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य को भी निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगा। हमारे इस प्रयास का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी उठाना है। हमें उम्मीद है कि इस अभियान से न केवल क्षेत्र का तापमान नियंत्रित होगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से भी निपटने में मदद मिलेगी। यह अभियान केवल एक औपचारिक वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि लोगों के दिलों में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत करने का एक प्रयास था। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया कि एक पेड़ अपने मां के नाम अवश्य लगाए जिस क्रम में पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा निशुल्क पौधे पूरे क्षेत्र में उपलब्ध कराए जा रहे हैं विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम के साथ आज यहा भी ट्रस्ट द्वारा पौधारोपण किया गया है ष्आज जो पौधे हम रोप रहे हैं, वे न केवल हमारे बच्चों और पोते-पोतियों के लिए छाया और फल देंगे, बल्कि यह धरती मां को संजीवनी देने का हमारा छोटा सा प्रयास है। यदि हम सभी मिलकर इस धरती को हरा-भरा रख सकें, तो यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। एक पेड़ मां के नाम इस अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में एक प्रेरणादायक संदेश भी भेजा है कि सामूहिक प्रयासों से हम अपने वातावरण को बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नीलम गंगवार, पूर्व प्रधान रामप्रसाद कश्यप, मोती राम गंगवार, शक्ति केंद्र संयोजक सुशील गंगवार, पूर्व क्षेत्र पंचायत सूरज पाल कश्यप, सुशील गंगवार, राम प्रसाद कश्यप ,सूरजपाल कश्यप, नीलम गंगवार,मोतीराम गंगवार, विकास गंगवार , राजेंद्र गंगवार, नेत्रपाल कश्यप, प्रमोद गंगवार ,ओमपाल कश्यप, दिनेश कश्यप , मुकेश कश्यप,वीर सिंह, श्रीकृष्ण, गोपाल गंगवार,अशोक,वीरपाल, जानकी प्रसाद,जितेंद्र कुमार,मनोज, खेम करन,समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।







## ईएलपीएस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास स्थित ईएलपीएस स्कूल में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कक्षा एनसी द्वारा नन्हा मुन्ना रही, कक्षा यूकेजी द्वारा फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, कक्षा प्रथम द्वारा जिस देश में गंगा रहता है, कक्षा दो के बच्चों द्वारा लहरा दो, कक्षा तीन व कक्षा चार के बच्चों ने गिद्दा और भांगड़ा की शानदार प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। कक्षा पांच के बच्चों ने पहाड़ी नृत्य और देश रंगीला की शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा छह के बच्चों ने भारत की बेटी, कक्षा आठ के बच्चों द्वारा बहुत शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गयी जिसके अंतर्गत उन्होंने झांसी की रानी (मर्णिकर्णिका) के संघर्ष को दर्शाया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक जितेन्द्र सिंह जठौल, अध्यक्ष अरूण दीप सिंह, प्रधानचार्य सिंदरवीर कौर, दुर्गेश बाबू, मेघा शर्मा, मीना वर्मा, सुप्रीत कौर, मानसी, नैना, संगीता, आकांक्षा, रंजना, जिया आदि शामिल थे।



## रक्षाबंधन पर्व पर 501 अभिनव बहनों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत संस्था द्वारा रक्षाबंधन की पावन पर्व पर आयोजित बहनों के सम्मान कार्यक्रम में संयोजक कौस्तुभानंद जोशी के नेतृत्व में 501 बहनों का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम शहीदों की वीरांगनाओ के साथ मिलकर कौस्तुभानंद जोशी द्वारा दीप प्रजल्लवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके उपरांत 501महिलाओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मध्य में वीरांगना बहनों समाज सेवी बहनों द्वारा कौश्तुभानंद जोशी को रक्षा सूत्र बाधा गया। कार्यक्रम संयोजक कौस्तुभानंद जोशी ने कहा कि महिला मातृशक्ति को हमें आगे लाना चाहिए और उनके विकास और नये कार्यों व आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम करने चाहिए। कार्यक्रम में कुमाऊ का परंपरागत गीत छोलिया नृत्य की प्रस्तुति की गई। नूपुर कला केंद्र द्वारा गणेश वंदना कुमाऊनी झोडा, चाचरी देशभक्ति के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विधायक नैनीताल सरीता आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, जया कर्नाटक, विमला सागुडी, शांति जीना, रेणु जोशी, नीमा अग्रवाल आदि प्रमुख से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूनम जोशी व वंदना पंत द्वारा किया गया।



## डेंगू की रोकथाम के लिए करें पुख्ता इंतजामः रावत

रुद्रपुर। उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मुख्य चिकितसाधिकारी कार्यालय के सभागार में डेंगू की रोकथाम एवं बचाव हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि डेंगू से सम्बंधित सूचना हेतु हेल्पलाइन नंबर 05944- 00000 को 24 घंटे चालू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निजी ब्लड बैंकों में किये जाने वाले जाँचों की निर्धारित शुल्कों की रेट लिस्ट आम जनता के लिए बाहर चस्पा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त निजी अस्पतालों में 5-5 बेड डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि डेंगू के मरीजों का उपचार अब आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में शीघ्र सिटी स्कैन मशीने स्थापित की जाएगी ताकि गम्भीर मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कोई समस्या न आये और ऐसे मरीजों को अन्यत्र न जाना पड़े। मंत्री ने कहा कि डेंगू के प्रकोप को फैलने से रोकने हेतु पर्याप्त इंतजाम किए जाए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जो मरीज डेंगू से संक्रमित हो उन सभी मरीजों को एक-एक मच्छरदानी और ऑलआउट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आने वाले वर्ष 2030 तक उत्तराखंड में उपचार के अभाव में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु न हो इस बात का ध्यान रखते हुए सरकार निरन्तर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का कार्य कर रही हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने डेंगू की रोकथाम हेतु जनपद में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिस पर मा0 मंत्री ने सन्तोष व्यक्त किया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं अनुश्रवण परिषद सुरेश भट्ट, विधायक शिव अरोरा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, कमल जिन्दल, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर केदार शाही, डॉ डीपी सिंह, डॉ एसपी सिंह, डॉ राजेश आर्या, डीपीएम हिमांशु, डैम डी एस भण्डारी, डीडीएम चांद मियां आदि उपस्थित रहे।








## कोलकाता काण्ड के खिलाफ महिलाओं ने निकाला कैंडिल मार्च

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। कोलकाता में महिला प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री कविता नेगी के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता जय नगर नंबर चार स्थित कौशल्या गार्डन में एकत्र हुई। उन्होंने उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कैंडिल मार्च निकाला। कविता नेगी का कहना था पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा करने में ममता बनर्जी सरकार असफल साबित हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। आक्रोशित महिला कार्यकर्ताओं ने महिला चिकित्सक के साथ जघन्य अपराध करने वाले आरोपियों को फांसी देने की मांग की। इस दौरान कुंवर सिंह नेगी, बबीता त्रिपाठी, कमला भट्ट, प्रियंका जोशी, सरिता गोस्वामी, पुष्पा नयाल, सुनीता पुनेठा, संध्या नेगी, बीना बिष्ट, हंसी पंत, कमला जोशी आदि महिलाएं मौजूद थी।




## सीओ सिटी ने किया थाना बनभूलपुरा का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सीओ सिटी ने थाना बनभूलपुरा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। नितिन लोहनी क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना बनभूलपुरा का गार्द, थाना भवन, मालखाना, कार्यालय व बैरिकों का निरीक्षण किया गया। थाने के कार्यालय में उपलब्ध सभी अभिलेखों को अध्यावधिक करने के निर्देश दिए। थाने में सीसीटीएनएस समेत सभी ऑनलाइन कार्यों की अद्यतन स्थिति ज्ञात की गई। थाना परिसर के सभी कार्यालय/भवनों के बेहतर रखरखाव के लिए थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी व टीम की सराहना की। सीओ ने हेल्प डेस्क में नियुक्त कर्मियों को आगंतुकों की शिकायत/समस्याओ का त्वरित समाधान करने तथा उनसे फीडबैक भी लिए जाने के निर्देश दिए।नए कानूनो में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में थाने के सभी विवेचकों तथा कार्यालय स्टाफ की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। सभी को नए कानूनों के तहत शत प्रतिशत कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सभी को आगामी त्योहारी सीजन के दौरान थाना क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष समेत थाने का पुलिस बल मौजूद रहा।



# बढ़ते आपराधों पर यूथ कांग्रेस ने जाताया रोष

किच्छा( उसंवाददाता)। प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर राज्य सरकार द्वारा अंकुश न लगाए जाने को लेकर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किच्छा स्थित इंदिरा गांधी खेल मैदान में बनाए गए ध्वज स्थल पर मोमबत्ती जलाकर जहां अपराधों के शिकार हुई महिलाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई वहीं बढ़ते अपराधों पर रोष व्यक्त किया गया।यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तसलीम रजा के नेतृत्व में इंदिरा गांधी खेल मैदान में स्थित ध्वज स्थल में मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए तसलीम रजा ने कहा जिस तरह से आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है तथा उसके उपरांत महिलाओं की हत्या कर दी जा रही है यह एक निंदनीय कार्य है । उन्होंने कहा कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ घटना घटने के बाद उत्तराखंड में भी ऐसी ही घटनाओं की पुनरावृति हो रही है जिससे साबित हो रहा है कि अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो गया है । अपराधियों के अंदर पुलिस



का डर ही नहीं है। महिलाएं अपने आप को आज असुरक्षित महसूस कर रही हैं ।आज कैंडल जलाकर रुद्रपुर में हुए महिला नर्स एवं कोलकाता में महिला नर्स के हत्याकांड की भी सीबीआई जांच करने एवं दोषियों को जल्द फांसी दिए जाने की मांग की। इस मौके पर यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विक्रम कोरंगा, जिला महासचिव विनोद मौर्य, जैसी दोल, रेखा यादव, रणजीत कौर, आरिफ अंसारी, सैयद सेम मियां, अरुण सिंह ,अजय पाल, शोएब अहमद, जीशान मंसूरी ,विष्णु यादव ,शोएब अंसारी, अनस सलमानी, मो सरोज ,मोहम्मद इरशाद ,सुनील कुमार, अजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# गांवों को पालिका में शामिल करने की मांग

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में नगर निकाय एवं नगर निगम के चुनाव अक्टूबर में कराया जाना प्रस्तावित है तथा प्रदेश सरकार द्वारा भी इन चुनावों को कराए जाने के लिए तैयारी की जा रही है। रामनगर नगर पालिका के सीमा विस्तार को लेकर सरकार द्वारा रामनगर विकासखंड के कुछ ग्रामों को नगर पालिका में शामिल करने का कैबिनेट द्वारा प्रस्ताव मंजूर किया गया है जिन ग्रामीण क्षेत्रों को सरकार ने नगर पालिका में शामिल करने की बात कही है तो इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों ने सरकार की फैसला का विरोध करते हुए इन ग्रामों को नगर पालिका सीमा से बाहर रखने की मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बिना जनता की राय के यह फैसला लिया गया है जिसका विरोध किया जाएगा तो वहीं शनिवार को सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए ग्राम कॉर्बेट कालोनी, शक्ति नगर, आदर्श नगर आदि ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पालिका में शामिल किया जाए ग्रामीणों ने कहा कि यह ग्रामीण इलाके नगर पालिका की सीमा से लगाते हुए हैं लेकिन इसके बाद भी का फैसला लिया है वह ग्रामीण क्षेत्र शहर से तीन से चार किलोमीटर दूर है उन्होंने कहा कि यदि उनके गांव नगर पालिका में शामिल होते हैं तो यहां का विकास होगा उन्होंने अपनी मांग को लेकर तहसीलदार



सरकार ने इन क्षेत्रों को नगर पालिका में शामिल न कर यहां की उपेक्षा की है । ग्रामीणों का आरोप है कि जिन ग्रामों को सरकार ने नगर पालिका में शामिल करने कुलदीप पांडे के माध्यम से एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# कैबिनेट के फैसले पर मिष्ठान वितरित किया

किच्छा( उद संवाददाता)। भाजपा नेता एवं समाजसेवी संजीव कुमार सिंह ने चीनी मिल गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री



पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित करते हुए मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कैबिनेट की बैठक में मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक हटा दी है तथा वर्षों से लम्बित इस प्रकरण पर चीनी मिल मृतक आश्रित परिवारों के लिए राहत दी है। उपरोक्त मृतक आश्रितों की वर्षों से नियुक्ति की मांग पर निर्णय लेते हुए धामी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश के हर गरीब, मजबूर आम आदमी के लिए पुष्कर सिंह धामी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा जन कल्याण हेतु हर सम्भव फैसले ले रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने चीनी मिल किच्छा मृतक आश्रित परिवारों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी आभार जताया है। इस दौरान जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा विशाल चौहान, नंदू कुमार, महेश कुमार, विनीत कुमार, नसरुद्दीन, गोलू, पंकज, राजकुमार गुप्ता, अंगद, रामू गामा, सोनू कुमार, रघुवीर,नीरज आर्य , नीरज आर्य , धर्मेंद्र ,लालचंद, राजीव, महेंद्र कुमार , महेश कुमार, अमन कुमार , मनोज कुमार, अजीत यादव, गोलू यादव, अजय कुमार मुन्ना यादव, महेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# ट्रांजिट कैम्प में महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च

रुद्रपुर (उद संवाददाता) ।ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता किरण पांडे विश्वास के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं ने कैंडल मार्च निकाला और मौमिता देवनाथ और तस्लीम की हत्या और बलात्कार जैसी घटनाओं के दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की। आम आदमी पार्टी कार्यकर्त्ता किरन पांडे विश्वास ने कहा कि भारत सरकार कहती है की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ क्या बेटियों को सुरक्षा देने में सक्षम है जहां एक तरफ



देश की आन बान शान बढ़ाने वाली रेसलर बेटियां महिलाओं के हक के लिए भाजपा के संसद के खिलाफ प्रोटेस्ट में बैठी परंतु दूसरी और भारत सरकार अपने ही संसद को बचाने में लगी रही जहां बेटियों सड़कों पर है और सरकार नेताओं को बचाने में तो क्या ऐसे देश में बेटियां सुरक्षित रह सकती है। कैंडल मार्च में किरण पांडे विश्वास, नीतू विश्वास, अर्चना विश्वास, मालती कश्यप, अनीता गंगवार, सुनीता प्रजापति, सोना मलिक, विनीता ठक्कर, कोमल शर्मा ,विनीता आर्य, कमला विश्वास, आशिमा मंडल, करुणा मंडल, जयंतिका मालिक, सोभी विश्वास आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

# रामनगर में श्री हरि चैतन्यपुरी का हुआ भव्य स्वागत

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने अपने दिव्य प्रवचनों में कहा कि संत रूपी बादलों द्वारा जो सत्संग रुपी वर्षा होती है उसमें अपने मन की कलुषता व विकारों को धोकर मन को पावन बनाना है। जगत की यथासंभव व यथासामरथ्य सेवा एवं परमात्मा से प्रेम करना चाहिए। अपने दिव्य व ओजस्वी वाणी में उन्होंने कहा कि परमात्मा एक है उनके नाम, उपासना पद्धतियां विभिन्न हो सकते हैं। हम सभी उस एक ही सर्व शक्तिमान की संतान है जो जीव मात्र का परम सुहृदय व हितैषी है। कर्म के साथ साथ उसमें पूर्ण व दृढ़ विश्वास करो। प्रभु की कृपा निश्चय ही समस्त बन्धनों, समस्त विपत्तियों व समस्त



कठिनाइयों से उबार लेगी। उन्होंने कहा कि आग्रह, दुराग्रह, संग्रह, परिग्रह, निग्रह इन पांचो ग्रहों के रहते प्रभु का अनुग्रह नहीं मिलता। इन पांचो से स्वयं विचार पूर्वक ही मुक्त हो सकते हैं अन्य साधन से नहीं। दूसरों के कर्तव्य पालन की चिंता ना करके अपने कर्तव्य का पालन करें। दूसरों के बारे में सोचना ही है तो सर्वहितकारी चिंतन करें कि किसी के जीवन में अशांति, वेदना, दुख ना रहे। उन्होंने वाणी की मधुरता पर भी पर्याप्त बल दिया। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व "श्री गुरु महाराज","कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैय्या"की जय जयकार से गूँज उठा। इससे पूर्व श्री महाराज जी के यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम पधारने पर बड़ी संख्या में भक्तों ने फूल मालाएँ पहनाकर, पुष्प वृष्टि करते हुए, आरती उतारकर पूर्ण धार्मिक रीति से भव्य स्वागत किया। श्री महाराज जी ने श्री दिव्येश्वर महादेव का दूध, दही, शंकर, घी व शहद से महाभिषेक किया। उसके बाद राम चरितमानस पाठ प्रारंभ किया गया। जिसका कल समापन होगा। श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए लगातार भक्तों का ताँता लगा हुआ है । रक्षाबंधन का पावन पर्व पिछले 15 दिन से लगातार मनाया जा रहा है ।

## पेज एक का शेष...

**बस में किशोरी से गैंगरेप...**बंजारावाला ग्रांट बुग्गावाला हरिद्वार (ड्राइवर), देवेंद्र निवासी चुड़ियाला भगवानपुर (कंडक्टर), रवि कुमार निवासी नवाबगंज जिला फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश (ड्राइवर), राजपाल निवासी बंजारावाला ग्रांट बुग्गावाला हरिद्वार (ड्राइवर) व राजेश कुमार सोनकर निवासी माजरा पटेलनगर (कैशियर) को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित धर्मेंद्र और रवि अनुबंधित चालक हैं। देवेंद्र विशेष श्रेणी परिचालक, राजपाल नियमित चालक और राजेश सोनकर नियमित परिचालक है। अनुबंधित चालकों को छोड़कर शेष तीन उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारी हैं। एसएसपी के अनुसार पीड़िता ने बताया थ्वा कि उसके साथ बस में कुछ लोगों ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की और विशेष टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान किशोरी ने कई बार अपना बयान बदला, जिससे जांच में मुश्किलें आईं। हालांकि, पुलिस ने लगातार प्रयास करते हुए लड़की के स्वजनों का पता लगा लिया और उनसे पूछताछ की। किशोरी मूल रूप से मुरादाबाद की रहने वाली है। बताया कि जांच के दौरान पता चला कि किशोरी पहले भी कई बार घर से भाग चुकी है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। उधर आइएसबीटी परिसर में खड़ी बस में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल केदारपुरम बालिका निकेतन पहुंची। उन्होंने किशोरी से विस्तृत जानकारी ली। जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य से विस्तार से जानकारी ली।

**सड़क हादसे में एक की...**एक अन्य घटना में ग्राम बरा में बाजार में पिकअप वाहन संख्या यूपी 26 टी 3091 के चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खोने के कारण अनियंत्रित पिकअप ने चार लोग बुरी तरह से रौंद दिया और दो वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरा बाजार में पिकअप वाहन के चालक द्वारा जो की नानकमत्ता डेरा गुरुद्वारा से संबंधित बताया जा रहा है चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खो दिए जाने से सड़क किनारे खड़े अजय पुत्र रमेश उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बहापुर थाना बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश ,राजेश पुत्र मनीराम उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम राय नवादा थाना बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश, मोनिका देवी पत्नी सोमवीर उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना पुलभट्टा उधम सिंह नगर ,व मोहनलाल पुत्र महावीर प्रसाद उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना पुल भट्टा उधम सिंह नगर,सहित सड़क किनारे खड़ी बाइक संख्या यूपी 25 डी क्यू 0565 और जीप यू पी 40 ए 5055 को भी टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया पुलिस द्वारा पुलिस द्वारा आरोपी चालक बिट्टू सिंह पुत्र टहल सिंह निवासी डेरा नानकमत्ता को हिरासत में ले लिया है तथा गंभीर रूप से घायल मोहन को रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में उच्च चिकित्सा हेतु भर्ती कराया गया है जबकि अन्य घायलों का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

**महिला ने नदी में...**खरसाड़ी के पास एक महिला नेनदी में गिर गई है। एसडीआरएफ की टीम उप निरीक्षक सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर घनघोर अंधेरे में ही सर्च अभियान चलाया। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद महिला का शव बरामद किया। महिला की पहचान 42 वर्षीय कृष्णा जैन पत्नी कश्मीर सिंह जैन निवासी खरसाड़ी उत्तरकाशी के रूप में हुई है। टीम ने बताया कि महिला ने नदी में छलांग किन कारणों से लगाई यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

**दो पक्षों के बीच टकराव...**ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने शनिवार शाम करीब पांच बजे घर में घुसरकार मारपीट की। मारपीट की तहरीर देकर जब वह रात साढ़े दस बजे घर वापस आ रहे थे जैसे ही घर पहुंचे, तो उक्त लोगों ने कुछ बाहरी लोगों को बुलाकर फिर से हमला कर दिया। इस दौरान घर में घुसकर तोड़फोड और फायरिंग भी की गयी। हमले में परिवार के लोगों को चोटें आयी है। घटना से पूरा परिवार दहशत में है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी हमले का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। चंदा पत्नी संजीत साहनी की ओर से पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा गया है कि शनिवार की शाम को पड़ोस में रहने वाली रंजीता और उसके परिवार के लोगों ने एक राय होकर घर में घुसकर लाठी डण्डों ईट पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में नंद राखी का सिर फट गया। जिसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल ले गये वहां से उसे रैफर कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले में किसी भी पक्ष की रिपोर्ट नहीं दर्ज की है।

**नर्स हत्याकांड के खिलाफ..**किया गया है। इससे पहले अंकिता भंडारी हत्याकाण्ड में भी सरकार के इशारे पर लीपापोती की गयी, अंकिता हत्याकाण्ड के दोषियों को अभी तक सजा नहीं मिल पायी है। रूद्रपुर के नर्स हत्याकाण्ड को भी इसी तरह दबाने की कोशिश की जा रही है। देहरादून में भी गैंगरेप की घटना सामने आयी है, ये सब घटना भाजपा सरकार की नाकामी को बयान करती है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। जिले में चोरी, लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार आम बात हो चुकी है। उधम सिंह नगर पुलिस पूरी तरह नकारा साबित हो रही है। अपराधियों में पुलिस का कोई खौफ नहीं है। कहा कि मृतका को इंसाफ मिलना चाहिए इसके लिए कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों ने मामले की सीबीआई जांच और हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने की पुरजोर मांग की। पुतला फूंकने वालों में हिमांशु गावा, सीपी शर्मा, छत्रपाल सिंह, संजीव राठौर, इदरीश गोला, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, राम किशन संजीव राठौर, केपी गंगवार, उमा सरकार, बेबी सिकदार, मोहन कुमार, महेश कोली, जयदेव मिस्त्री, काजल गंगवार, कल्पना, सीमा, मोनू राय समेत तमाम कांग्रेसी शामिल थे।

**मैने दरिंदों को सुधारने..**में पिछले माह एक निजी अस्पताल की नर्स अचानक गायब हो गई थी, 8 अगस्त को उसका शव झंडियों में बरामद हुआ था।इसके बाद पुलिस खुलासा करते हुए राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया था। एसएसपी मंजूनाथ टीसी का दावा था कि आरोपी ने नर्स को दबोचकर हत्या और दुष्कर्म किया। आरोपी को जेल भेज दिया गया था। इधर पुलिस के इस खुलासे पर मृतक नर्स के परिजन लगातार सवाल उठाकर सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। मामले में कांग्रेस, छात्र संघ समेत कई संगठन भी पुलिस के खिलाफ मुखर हो गये है। शनिवार को छात्रों ने मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मृतक के परिजन भी इसमें शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। एसएसपी के सामने लोगों ने कहा कि नर्स दुराचार और हत्याकांड में पुलिस खुलासे पर उन्हें भरोसा नहीं है। मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। लोगों का कहना था ऐसी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में उनकी बेटियां सुरक्षित हो सके। प्रदर्शनकारियों की मांग पर एसएसपी बोले कि हर मामले में पूरी तत्परता से कार्रवाई हो रही है, लेकिन समाज में फैले दरिंदों को खत्म करने का अकेले उन्होंने ठेका नहीं ले रखा है। अब जब समाज में ऐसे लोग पैदा हो रखे हों तो वह क्या कर सकते हैं। एसएसपी की बात सुनकर सभी लोग हैरान रह गए। इसकी खूब चर्चा भी हो रही है। एक तरफ पूरे देश में कोलकाता में हुई घटना के बाद आंदोलन हो रहा है, दूसरी तरफ कप्तान को ऐसी बात बोलने की जरूरत क्यों पड़ी यह अपने आप में बड़ा सवाल है।

**दीवार गिरने से ..**इस दौरान एक तरफ की दीवार ढह गई, जिसके कारण ऊपर की छत की सीलिंग का एक हिस्सा दिल टूट गया। जिसके मलवे से दबकर महिला की मौत हो गई। बताया कि जब सुबह महिला का बेटा चाय देने गया तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने मिलकर महिला के शव को मलवे से बाहर निकाला। उनके द्वारा शव के पंचायतनामा की कार्रवाई शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पौड़ी भेज दिया गया है।

### अवकाश सूचना

सूचित किया जाता है कि रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में कल दिनांक 19 अगस्त 2024 को उत्तरांचल दर्पण कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक मंगलवार 20 अगस्त को प्रकाशित होगा।

–सम्पादक

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धर्म से विहीन व्यक्ति पशुतुल्य:स्वामी नारायण चैतन्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम में भागवत कथा के छठे दिवस स्वामी नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने सुदामा चरित्र, नव योगेश्वर, एवम परीक्षित मोक्ष की कथाओं की महिमा का वर्णन किया। कथा के बाद स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। कथा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि मानव शरीर पाकर जो मनुष्य प्रभु भक्ति नहीं करता वह निंदा के योग्य है उन्होंने कहा कि धर्म से विहीन व्यक्ति पशुतुल्य है। ऐसे मनुष्य को वेद भी पवित्र नहीं कर सकते। व्यक्ति को सभी सांसारिक जिम्मेदारियां का पालन करते हुए अपनी आत्मा के उद्धार का प्रयास करना है। उन्होंने कहा प्रारब्ध में जो कुछ लिखा है वह होना तय है। व्यक्ति अपने जीवन में जो कुछ पाता है वह उसके कर्मों के अनुसार ही उसे मिलता है। उन्होंने कहा कि भगवान तो भाव के भूखे हैं उन्हें आपके सोने चांदी से क्या लेना देना श्रद्धा भाव से अर्पित किया गया एक पत्र ,फल या फूल से भी भगवान प्रसन्न हो जाते हैं और यदि भाव नहीं है श्रद्धा नहीं है तो 56 भोग भी व्यर्थ है। उन्होंने कहा गीता में भगवान ने कहा है कि कई जन्मों की पुकार के कारण मनुष्य जन्म प्राप्त हुआ है। हमें श्वांस श्वांस प्रभु सिमरन करना होगा। इस दौरान भक्तजन कई जन्मों से पुकार रहे हैं कोई तो नाता जरूर होगा... भजन पर नाचते झूमते नजर आए ।स्वामी जी ने कहा एक जन्म की भक्ति काम ना आए तो प्रभु पुन: मनुष्य जन्म देते हैं। इसलिए प्रभु भक्ति में लगे रहो वह अवश्य मिलेंगे। उन्होंने कहा भगवान के नाम का जप उतनी बार करो जितने हमारे शरीर में रोम छिद्र है। कथा में पहुंचे भक्तजनों ने स्वामी नारायण चैतन्य जी को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं समाजसेवी संजय ठुकराल सहित मन्दिर कमेटी के पदाधिकारियों सहित भक्तजनों ने पुष्पवर्षा कर स्वामी जी के दीर्घायु होने की कामना की । कथा यजमान विनीता सपरा एव जगमोहन सपरा ने पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की एवम आरती यजमान के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, रमेश मिड्ढा, रामबाबू मिश्रा,विजय फुटेला, कमल फुटेला, सुभाष खंडेल वाल, विजय फुटेला , आनंद शर्मा सहित राजकुमार अरोरा, शकुंतला देवी, गंगा माता, बल्ला माता, रमेश अनेजा, राधा रानी सहित भक्तजनों ने कथा श्रवण किया आचार्य कुल एवम संगीत कुल ने भजनों के माध्यम से भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया।







# रील बनाने के चक्कर में रियल जिंदगी से हारा उवैस!

## उवैश का डैम में नहाते समय का वीडियो आया सामने

**हनीफ बाबा**

सितारगंज ।सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में युवक डैम में नहाने गया था। युवक की मृत्यु से पहले नहाते समय का वीडियो सामने आया है। जिसमें नहाते समय रील बनाने को लेकर वार्ता भी रिकॉर्ड हुई है। जबकि आसपास के थानों की पुलिस मानसून के मौसम में आमजन को नदी, नालों आदि खतरनाक स्थानों पर जाने से रोकने के लिए लगातार मुनादी भी करा रही है। रियल जिंदगी में रील बनाने की होड़ जानलेवा साबित हो रही है। किशोर युवाओं में रील बनाने का चलन काफी बढ़ गया है। जिस वजह से किशोर, युवा बिना सुरक्षा के खतरनाक स्टंट करने से भी नही चूक रहे है। इस कारण वह हादसों का शिकार हो रहे है। ऐसा ही मामला सितारगंज का भी सामने आया है। जिसमें नहाते वक्त युवक का वीडियो बनाया गया है। इस वीडियो में मरने से पहले स्टंट की फुटेज है, लाइव को लेकर भी जिक्र है। इसके



बाद आशंका जताई जा रही है कि उवैस अंसारी रील बनाने के चक्कर में रियल जिंदगी से हार गया। इधर परिजन उवैस अंसारी के शव को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ उप निरीक्षक कविंद्र शर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में नदी, नाले, जलाशय, तालाब पानी से लबालब भरे रहते है। हादसों को रोकने के लिए पुलिस टीमें नदी, नालों, तालाब, डैम के फोटो, वीडियो आदि न बनाने और पास न जाने की मुनादी कर रही है। बताया जा रहा है कि दो दोस्तों के साथ नानकसागर डैम में नहाने गया युवक पानी में डूब गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। नगर के वार्ड नंबर 2 निवासी उवैश अंसारी पुत्र मानू अंसारी शनिवार को दो किशोर दोस्तों के साथ नानक सागर डैम में नहाने गया था। डैम में डूबकर उबैस की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

# राखी बांधकर बहनों ने लिया रक्षावचन

## सुखदेव सिंह के आवास पर आशा, आंगनबाड़ी और एकल परिवार की बहनों ने मनाया पर्व

सितारगंज(उद संवाददाता)। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती और एकल परिवार की बहनों ने वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव सिंह को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस दौरान उन्होंने समस्त बहनों को उपहार भेंट किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। रविवार को ब्रिटिश भाजपा नेता सुखदेव सिंह के आवास पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती और एकल परिवार की बहने रक्षा सूत्र लेकर पहुंची। इस दौरान बहनों ने सुखदेव सिंह को राखियां बांधकर मीठा खिलाया। उन्होंने समस्त बहनों को उपहार देकर रक्षा, देखभाल का वचन दिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, ब्लॉक प्रमुख पति एवं समाजसेवी पलविंदर सिंह औलख, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, पूर्व राकेश त्यागी, दीपक गुप्ता, पंकज गहतोड़ी, दयानंद तिवारी, परवेज पटौदी, चन्दन कश्यप, जया जोशी, श्याम सुंदर गोगना, जसपाल कोहली, सतीश उपाध्यय, सुरेश तनेजा, राधेश्याम सागर आदि मौजूद थे।



# बेजुबान चोटिल पशु का सहारा बने गांव के युवा और मंत्री सौरभ बहुगुणा

लालकुंआ (उद संवाददाता)।आए दिन सड़कों पर घूम रहे बेजुबान जानवर गाड़ियों की चपेट में आने से घायल हो जाते हैं जिन्हें वक्त पर इलाज ना मिलने से उनकी जान भी चली जाती है। ऐसा ही मामला दो दिन पहले चोरगलिया सितारगंज मार्ग पर देखने को मिला जहां एक वाहन की चपेट में आने से पशु के पिछले पैर के हिस्से में चोट लगी और वह बुरी तरह घायल हो गया, जिसके बाद गांव वालों ने जेसीबी मशीन की मदद से जानवर को सड़क से हटाकर जंगल की तरफ रखा, जहां चोरगलियां के गौरक्षक प्रेमी युवाओं ने दो दिन तक





उस चोटिल बेजुबान जानवर की देखरेख की व उपचार करवाया। इसकी सूचना जब पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा को दी गई तो मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भी तत्काल डॉक्टरों की टीम भेजी व उपचार करवाया। पशु की स्थिति मौके पर उपचार करने लायक नहीं थी, जिसके बाद युवाओं ने निजी वाहन कर पशु को गौधाम गौशाला हल्दूचौड़ में भेजा, वहां जब एक कर्मचारी के द्वारा चोटिल जानवर को लेने से मना किया तो फिर इसकी सूचना पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा को दी गई। जिसमें मंत्री बहुगुणा द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए गौशाला में बात कर पशु को वहा सुरक्षित रखने व बेहतर इलाज करने को कहा। इस मुहिम में, दीवान बिष्ट, राजू भट्ट, महेश बरूआ, मनोज सिंह, निक्की पांडे, हेमू बिष्ट, मुकेश बिष्ट, अनिल बिष्ट, गोपाल भट्ट, मोहित पांडे, विक्रम दानू, नानू सम्मल, रूप सिंह, प्रताप रजवार आदि लोग मौजूद रहे।